## टोंक में ऑनलाइन सट्टा गैंग का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** निकाय चुनाव की वोटिंग होने से कुछ दिन पहले जिला स्पेशल टीम व निवाई थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन सट्टे के नेटवर्क का पर्दाफाश कर मौके से ऑनलाइन सट्टेबाजी के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर उसके पास से 33 लाख 25 हजार 500 रुपए नगद और तीन मोबाइल जब्त किए हैं। यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में निवाई थाना पुलिस ने क्षेत्र में चल रहे अवैध ऑनलाइन गैंबलिंग नेटवर्क के खिलाफ की गई है। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने सट्टा संचालित करने वाले मुख्य आरोपी राजाराम गुर्जर निवासी चाकसू हाल निवासी निवाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यवाही में आरोपी के कब्जे से 33 लाख 25 हजार 500 रुपए की नकदी बरामद कर तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। इन मोबाइलों से करीब 5 लाख रुपए के ऑनलाइन सट्टा लाइनों, लेन-देन और मास्टर आईडी से जुड़े कई सबूत मिले हैं।

# भरतपुर में राधारमन मंदिर में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर ।** शहर के मध्य निकट लक्ष्मन मंदिर प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में दो दिवसीय उत्सवों के अंतर्गत आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि सुबह 9 बजे भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर स्थापना के बाद संकीर्तन, सुनील त्यागी म्यूजिकल पार्टी द्वाराप्रस्तुत किया गया। विशेष आमंत्रित झांसी से पधारे भागवतकथा के मर्मज्ञ आचार्य बापू सरकार के प्रवचन हुए, गौडीय सम्प्रदाय की परम्परानुसार दोपहर 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का प्रकटोत्सव हुआ। श्री विग्रह का केशरयुक्त पंचामृत से अभिषेक पं0 प्रेमी शर्मा वैदिक, वीरेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र भारद्वाज, हर्षित शर्मा, नीरज समाधिया पांच विद्वान वेदाचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार से किया



भक्तों ने श्रीकृष्ण भगवान की पूजा कर सुख शांति की कामना की।

गया जिसमें 501 किलो दूध, दही, घी, शहद, बूरा, केशर, इत्र, सरवोसकी, तुलसीदल, गंगाजल एवं दिव्य औषधियों से शंख द्वारा किया गया। कान्हा को मोती जडित नई पोषाक धारण कराकर आभूषणों एवं पुष्पों से आकर्षित एवं अलौकिक श्रृंगार चंदन, मोरपंख, मुकुट, मोती जडित माला धारण कराकर चांदी के पालना में झुलाया गया। महाआरती झालर घंटा शंखनाद से अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग एवं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष सीए

- **गौडीय संप्रदाय के इस राधा रमन मंदिर में दिन में 12 बजे अभिषेक जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ**

अतुल मित्तल के मुख्य आतिथ्य में हुई। मंदिर प्रांगण राधारमण लाल की जय, नन्द के लाल की जय, नन्द के आनंद भये जय कन्हैया लाल की से गॅूज उठा। मंदिर प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा हुआ था हजारों की संख्या में आये भक्तों को पंचामृत वितरित किया गया।

इसी दिन रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक भजन संध्या, बधाये एवं सजीव झांकियों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई, तदउपरांत भगवान की दर्शन झांकी के दर्शन कर भक्तगण भाव विभोर हो गये,पंचामृत, धनियां पंजीरी, मिंगीपाग व फल की प्रसादी का वितरण किया गया।

5 सितम्बर को नन्दोत्सव मनाया जावेगा। महिला मण्डल द्वारा भजन एवं बधाये गाकर भगवान को रिझाया जावेगा व 10.15 बजे छैल लुटाई जायेगी।

इस मौके पर अध्यक्ष चन्द्रमोहन गुप्ता एडवोकेट, उपाध्यक्ष डॉ. डी.डी. गोयल, विष्णु लोहिया, महेशचंद सिंघल, गोविन्द अग्रवाल, प्रिंस सर्राफ, मुकेश कुमार बजाज, रामअवतार कोठारी, विवेक गुप्ता सर्राफ, कपूरचंद रायसीस, केशव सिंघल सर्राफ, प्रेम गोयल, महेश गुप्ता बीमा, प्रहलाद गोयनका, अशोक कुमार गोयल, राम प्रसाद मसाले वाले, बांके लाल बजाज आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिवंगत नेता महेंद्र शास्त्री को श्रद्धांजलि दी



**अलवर।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अलवर पहुंचे। यहां उन्होंने मुंडावर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेंद्र शास्त्री के मोती डूंगरी स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महेंद्र शास्त्री का 27 अगस्त 2026 को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। जगदीप धनखड़ ने श्रद्धांजलि देने के बाद महेंद्र शास्त्री के लंबे सार्वजनिक जीवन और समाज के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि शास्त्री ने कई दशकों तक समाज की सेवा की और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।धनखड़ ने कहा कि महेंद्र शास्त्री ने राजस्थान में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहकारी संस्थाओं और सहकारी बैंकों के संचालन को मजबूत करने के लिए उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे। उन्होंने कहा कि आज देश में सहकारिता को संविधान में प्रमुख स्थान मिलने और इसके लिए अलग मंत्रालय बनने के पीछे ऐसे नेताओं के लंबे समय तक किए गए प्रयासों की मजबूत नींव रही है।

### सांभर में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया

**सांभरझील।** पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने वार्ड नंबर 11 के भाजपा प्रत्याशी विनोद कुमार गट्टानी एवं वार्ड नंबर 12 के प्रत्याशी जितेंद्र कुमार



दर्जी के चुनावी कार्यालय का जन्माष्टमी के अवसर पर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा विकास के लिए कटिबंध है। हमें किसी के झांसे में नहीं आना है। भाजपा पार्टी ने हमारे कार्यकाल के दौरान सांभर का खूब विकास कराया है और आगे भी हम जो विकास कार्य शेष रह गए हैं उनको कराने के लिए सांभर की जनता को आश्वस्त करते हैं। आप बीजेपी का बोर्ड बानाओ और विकास की गंगा बहाओ। इस मौके पर उन्होंने भाजपा की प्रत्याशियों को भारी बहुमतों से जिताने की अपील की और चुनावी कार्यालयों का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर दोनों वार्डो में सैकड़ो की संख्या में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में भीड़ उमड़ी तथा भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

## एनएच-48 पर तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर में घुसी, हादसा टला

**पावटा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पावटा कस्बे के जयपुर-दिल्ली रोड पर शुक्रवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर में जा घुसी। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति से दौड़ रही थी। इसी दौरान चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार आगे चल रहे कंटेनर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवारों की मदद की। सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर वाहनों की तेज रफ्तार आए दिन हादसों का कारण बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज गति से दौड़ने वाले वाहनों की नियमित जांच और स्पीड मॉनिटरिंग जरूरी है। लोगों के अनुसार भाबरू थाना क्षेत्र में दो इंटरसेप्टर वाहन खड़े रहते हैं, जबकि प्रागपुरा थाना क्षेत्र में भी एक इंटरसेप्टर वाहन की तैनाती की जानी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रागपुरा थाना क्षेत्र में भी इंटरसेप्टर वाहन तैनात रहे और लगातार तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी की जाए तो वाहन चालकों में नियमों का पालन करने का दबाव बनेगा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। लोगों ने पुलिस एवं यातायात विभाग से मांग की है कि एनएच-48 के पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में नियमित स्पीड चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा प्रागपुरा थाना क्षेत्र में भी इंटरसेप्टर वाहन की व्यवस्था की जाए, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके।

## निवाई में थदड़ी पर्व मनाया

**निवाई।** सिंधी समाज का पारंपरिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्व को श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। समाज की महिलाएं सज धज कर मंगल गीत गाती हुई शहर के भगवान झूलेलाल मंदिर में पहुंचीं। जहां शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं खुशहाली की मनोकामना की। परंपरा के अनुसार एक दिन पहले घरों में तैयार किए गए विभिन्न सिंधी व्यंजनों का शीतला माता को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया।

पर्व के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। मीठी मानी, चैपा, खोराक, टिक्की, खीर व पकौड़ी सहित पारंपरिक पकवानों से घर-आंगन महक उठे। समाज की सिंधु सोसाइटी की अध्यक्षा ऋचा इसरानी ने बताया कि थदड़ी केवल ठंडा भोजन ग्रहण करने की परंपरा नहीं बल्कि जीवन की शीतलता, संयम स्वच्छता एवं सकारात्मकता का संदेश देने वाला पर्व है।

# सांभर में ब्रह्माकुमारीज़ ने जन्माष्टमी महोत्सव मनाया

**सांभरझील।** यहां प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, केंद्र द्वारा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक भव्य महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र से जुड़े भाई-बहनों द्वारा भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित मनोरंजक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य आकर्षण सांभर में जन्मे और वर्तमान में मुंबई के सुप्रसिद्ध गायक और संगीतकार हेमंत आचार्य के भजनों की प्रस्तुतियां रहीं। उनके सुरीले भजनों और भावपूर्ण गायन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया और पूरा हॉल 'हरे कृष्णा' के जयकारों से गूंज उठा. लोगों ने उनके भजनों पर झूमकर आनंद लिया।

इस अवसर पर भाइयों द्वारा एक विशेष नाटक प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम में केंद्र से जुड़े भाई-बहनों ने कृष्ण के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी।

नाटक के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया कि कैसे हमारे भीतर आज भी कंस, बुराइयों के रूप में जीवित है। नाटक में दर्शाया गया कि नशा, लालच, अहंकार और मोबाइल की लत जैसी बुराइयां इंसान को राक्षस बना रही हैं. नाटक का उद्देश्य समाज में फैली इन बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को अच्छाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना था। इसके अलावा भगवान कृष्ण के बाल रूप की झांकी और नृत्य भी प्रस्तुत किए गए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### टोंक में वार्ड 14 में प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**टोंक।** आगामी नगर निकाय चुनाव के तहत नगर परिषद के वार्ड नंबर 14 से भाजपा प्रत्याशी मनीष बैरवा के चुनाव कार्यालय उद्घाटन जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर चंद्रवीर सिंह चौहान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता का विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत भाजपा की जीत का आधार है। नगर परिषद टोंक के सभी वार्डों में जिस प्रकार वार्डवासियों में उत्साह और भाजपा के प्रति विश्वास दिखाई दे रहा है, वह भाजपा की मजबूत स्थिति का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, संगठन की एकजुटता और जनता के आशीर्वाद के साथ भाजपा प्रत्याशी मनीष बैरवा की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से कार्य किया जाएगा।

### इतला नामा बनाम रेस्पाडेन्ट
### न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय जयपुर राजस्थान

अपील नम्बरी मुतफरिक या इजराय 10/2026
डिग्री नं. 10 सन् 2026
बिनाराजी तजबीज..........
अदालत मुकाम...............मुकाम मवरिखा............

**श्याम सुन्दर बनाम मोहन लाल व अन्य**

(1) महेश कुमार पुत्र छीतरमल (2) महेन्द्र पुत्र छीतरमल (3) सुशीला देवी पुत्री छीतरमल (4) रिंकू कुमारी पुत्री छीतरमल समस्त जाति बलाई निवासी ग्राम किशनगढ़ रेनवाल तहसील किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर, (5) राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर।

मुतिला हो कि अपील बिनाराजी डिग्री व तारीख इस मुकदमे में अपीलान्टस ने पेश किया है और इस अदालत की तजबीज 23 माह 09 सन् 2026 ई. वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की गई है अगर खुद आप या आपके वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवालात करने का माजज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और की जावेगी।

आज तारीख 28 माह 08 सन् 2026 ई. मेरे दस्तखज और मोहर अदालत से जारी किया।

मोहर अदालत — अतिरिक्त कलेक्टर एवं अति.जिला मजिस्ट्रेट तृतीय जयपुर

### खोया पाया

श्री 1008 आदिनाथ जैन सेवा समिति का पंजीयन नंबर 945 जयपुर/2007-08 का मूल पंजीयन प्रमाण पत्र, विधान की प्रति आदि कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। धर्मेंद्र कुमार जैन, मो.9252062616

## झूठे भाषणों से नहीं होगा शहर का विकास, जनता इस बार देगी जवाब : जूली

**अलवर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर अलवर में सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंकते हुए भाजपा पर सीधा हमला बोल दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर शहर में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया और चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया। सभाओं में जुटी भीड़ को कांग्रेस



पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर शहर में चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया।

- **उन्होंने आरोप लगाया कि अलवर शहर की जनता आज भी सडक़, पानी, बिजली और सीवर जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है**

नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश का संकेत बताते हुए कहा कि इस बार अलवर में कांग्रेस का बोर्ड बनना तय है।

जितेंद्र सिंह और टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का पाप का घड़ा अब भर चुका है, भ्रष्टाचार की अमरबेल का अंत होना अब निश्चित है और जनता उसके शासन का हिसाब मांगने के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि अलवर शहर की जनता आज भी सडक़, पानी, बिजली और सीवर जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है। महंगाई और बेरोजगारी ने आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और सरकार के बड़े-बड़े दावों के बावजूद जमीनी तस्वीर अलग नजर आती है।

उन्होंने भाजपा के बड़े नेताओं के अलवर दौरे और चुनावी सभाओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही बड़े-बड़े नेता अलवर पहुंचकर विकास का झुनझुना जनता को थमाने लगते हैं, लेकिन सवाल यह है कि जिस काम को भाजपा सरकार अपने पूरे कार्यकाल में नहीं करा सकी, वह काम चुनाव के दौरान दिए जा रहे भाषणों से कैसे पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि जनता अब भाषण और हकीकत का फर्क समझ चुकी है। केवल घोषणाओं और जुमलों से शहर की समस्याएं दूर नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता अब विकास के नाम पर किए गए वादों का हिसाब मांग रही है। भाजपा पर चुनाव में दबाव और राजनीतिक हथकंडे अपनाने का आरोप लगाते हुए जितेंद्र सिंह और जूली ने कहा कि निकाय चुनाव में हार की आशंका से भाजपा बौखलाई हुई है।

## मनोहरपुर में 2.5 लाख की शराब जब्त

**मनोहरपुर।** चुनाव आचार संहिता की पालना के तहत आबकारी विभाग शाहपुरा ने मनोहरपुर टोल प्लाजा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा रोडवेज की बस से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 48 बोतल विभिन्न ब्रांड की शराब जब्त की। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 2.5 लाख रुपए बताई गई है। आबकारी निरोधक दल ने तलाशी के

- **हरियाणा रोडवेज बस से 48 बोतल अवैध शराब बरामद, यूपी और दिल्ली के दो आरोपी गिरफ्तार**

दौरान बस में रखे दो ट्रॉली बैग और दो डफल बैग से शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश निवासी अनिल एवं उत्तर-पूर्वी दिल्ली निवासी सत्यप्रकाश को मौके से गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान ये कार्रवाई घनश्याम शर्मा अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन जयपुर, ज्ञान प्रकाश मीणा उपायुक्त जोन जयपुर, अर्चना जैमन जिला आबकारी अधिकारी जयपुर ग्रामीण एवं रामसहाय नारेड़ा सहायक आबकारी अधिकारी के निर्देशन में की गई। आबकारी निरीक्षक हरीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मामले में आबकारी विभाग द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

## कार्यकर्ताओं की एकजुटता से कोटपूतली में खिलेगा कमल : सुभाष पूनियां

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद के वार्ड नं. 40 में उस समय एक नया राजनीतिक इतिहास रचा गया, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर और बेहद लोकप्रिय प्रत्याशी बालकृष्ण सैनी के चुनाव कार्यालय का भव्य और ऐतिहासिक उद्घाटन हुआ। कस्बे के टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ पर एचबी मसाला उधोग संस्थान पर शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन और अत्यंत शुभ अवसर पर आयोजित इस समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारों तरफ उत्साह, उमंग और भाजपा की जीत के गगनभेदी नारे गूंज रहे थे। इस महा-उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी सुभाष पूनियां, क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, चुनाव संयोजक एड. बजरंग लाल शर्मा व जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से विधि-विधान के साथ फीता काटकर किया। इस अवसर पर पण्डितों द्वारा पूर्ण विधि-विधान से वेद मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री गणेष जी की पूजा अर्चना कर कार्यालय का शुभारम्भ करवाया गया।

इस ऐतिहासिक मोड़ पर चुनाव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई, जब

- **भाजपा प्रत्याशी बालकृष्ण सैनी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**

वार्ड नं. 40 से निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव ने भाजपा की नीतियों और बालकृष्ण सैनी के नेतृत्व पर अटूट विष्वास जताते हुए अपना नामांकन फॉर्म वापस ले लिया। उन्होंने ना केवल अपना नाम वापस लिया, बल्कि बालकृष्ण सैनी को अपना पूर्ण और खुला समर्थन देकर सबको चौंका दिया। देवेंद्र सिंह के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद पूरे वार्ड में भाजपा की लहर एक प्रचंड सुनामी में बदल चुकी है और विरोधियों के हौंसले पूरी तरह पस्त हो गए हैं। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि बालकृष्ण सैनी भाजपा के एक समर्पित, कर्मठ और कद्दावर नेता हैं। उन्होंने संगठन में भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष के रूप में युवाओं में राष्ट्रवाद की अलख जगाई। भाजपा नगर मंडल महामंत्री समेत कई अत्यंत महत्वपूर्ण और बड़े पदों पर रहकर जनता की नि:स्वार्थ सेवा की है।

### विवाद्यको के स्थिरीकण के लिये सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़
**जगदीश बनाम राधेश्याम वगै.**
दावा बाबत तकास्मा व स्थाई निषेधाज्ञा एव प्रा0 पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
वाद पत्र संख्या - 49/2017
प्रार्थना पत्र संख्या - 62/2017

बनाम 1. सक्षम प्राधिकारी इण्डियन ऑयल कॉपोरेशन लि. पता निर्माण कार्यालय प्लॉट नम्बर 38-39, एस.डी.सी. विनय ब्लॉक 02, चौथा तल, मौजी कॉलोनी, मालवीय नगर जयपुर (राज.) ने आपके विरूद्ध दावा बाबत तकास्मा व स्थाई निषेधाज्ञा एव प्रा0 पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थनापत्र/वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 08.09.2026 को दिन में 10 बजे दावे/प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा/प्रार्थना पत्र या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाल सुची में प्रविष्ट करें।
आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद/प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
या वाद तारीख 01.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत — उपखण्ड अधिकारी विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड)

### प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 723/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सतपाल सिंह निवासी डी 159 आनन्द विहार रेलवे कालोनी, जगतपुरा, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास गुरुद्वारा श्री गुरूनानक देव सेवा मण्डल संस्था, आनन्द विहार रेलवे कालोनी, जगतपुरा, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 28.7.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 07.10.2026

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

## प्रागपुरा नगरपालिका चुनाव में 246 प्रत्याशी मैदान में

**पावटा।** नगर पालिका चुनाव को लेकर नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही गुरुवार को चुनावी तस्वीर साफ हो गई। नाम वापसी के अंतिम दिन 52 प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद अब नगर पालिका के 45 वार्डों में कुल 246 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हैं।

नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रही चुनावी प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को निर्वाचन विभाग की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशियों के चेहरे खिल उठे और समर्थकों में भी उत्साह का माहौल नजर आया।चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही अब प्रत्याशियों की पहचान उनके चुनाव चिह्न के साथ मतदाताओं के बीच होगी। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने अपने-अपने चुनाव चिन्ह को लेकर प्रचार की रणनीति बनानी शुरू कर दी है।रिटर्निंग अधिकारीबृजेश कुमार ने बताया भाजपा के 45 प्रत्याशियों को पार्टी का चिन्ह फूल व कांग्रेस के 45 प्रत्याशियों को हाथ, आरएलपी प्रत्याशियो को बोतल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को टेलीविजन, सिलाई मशीन, चारपाई, अलमारी, गैस चूल्हा, टेलीफोन, गुब्बारा, चप्पले, चूड़ियां, सेब, कोट, बांसुरी, हारमोनियम, बाल्टी, बिजली का खंभाचुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। उधर, चुनाव चिन्ह आवंटन होने के बाद कुछ उम्मीदवारों ने चुनावी कार्यालय खोले। कई प्रत्याशी कार्यालय के लिए उचित जगह तलाशते नजर आए।


नम्बर मिलाइए
8890333139




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# कृष्ण जन्माष्टमी पर उमड़ा जनसैलाब

**कोटपूतली।** क्षेत्र में शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पावन पर्व कृष्ण जन्माष्टमी अद्भुत श्रद्धा, अद्वितीय उत्साह और अभूतपूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा क्षेत्र मुरलीधर के जयकारों से गुंजायमान हो उठा और चारों ओर भक्ति का ऐसा ज्वार उमड़ा कि हर कोई कृष्ण रंग में सराबोर नजर आया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न देवालयों में नयनाभिराम और सजीव झांकियों की अनूठी छटा बिखरी, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

उत्सव का मुख्य आकर्षण कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा स्थित ऐतिहासिक श्री सीताराम बड़ा मंदिर ट्रस्ट रहा, जहां हर साल की भांति इस बार भी भव्यता की सभी सीमाओं को पार करते हुए दिव्य झांकियों का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक महोत्सव का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव (न्यायाधीश) नीलम मीणा ने सायं 07 बजे पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार के बीच द्वीप प्रज्जवलित कर किया। दीप की लौ के साथ ही पूरा मंदिर परिसर अलौकिक आभा से जगमगा उठा और ठाकुर जी के जयकारों से गूंज उठा।



कोटपूतली में कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया।

श्री सीताराम बड़ा मंदिर में पिछले 18 वर्षों से लगातार कृष्ण जन्माष्टमी का यह महापर्व बेहद गरिमामय और विशाल स्तर पर मनाया जा रहा है। लेकिन इस वर्ष की भव्यता ने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। मंदिर प्रशासन और कार्यकर्ताओं की महीनों की तपस्या इस बार परिसर में साक्षात नजर आ रही थी। मध्य रात्रि 12 बजे तक सजीव झांकियों की अद्भुत छटा को निहारने के लिए पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी।

मंदिर परिसर में ठाकुर जी का ताजे, सुगंधित और दुर्लभ विदेशी फूलों से साक्षात देवलोक जैसा भव्य श्रृंगार किया गया था। इस बार सजीव झांकियों की श्रृंखला इतनी सजीव और चित्ताकर्षक थी कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर अपलक निहारते रह गए। नन्हे-मुन्ने बालकों ने राधा-कृष्ण और अन्य देव स्वरूपों को इतनी खूबसूरती से जीवंत किया कि लगा साक्षात ईष्वर धरा पर अवतरित हो गए हैं।

अमरनाथ गुफा की बर्फीली झांकी श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जहां साक्षात बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन हुए। इसमें यमुना किनारे कदम की छांव में झूला झूलते राधा-कृष्ण की अलौकिक छवि को दर्शाया गया। कंस की जेल में भगवान के जन्म और कन्हैया की नटखट माखन चोरी की लीलाओं ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का मन मोह लिया।

ग्रामीण संस्कृति की जीवंतता के साथ-साथ मां काली के रौद्र रूप की झांकी ने दर्शकों में कौतूहल जगाया। राष्ट्रीयता और सर्वधर्म समभाव का संदेश देती 'भारत माता' की भव्य झांकी

- **श्री सीताराम बड़ा मंदिर में सजीव झांकियों का अलौकिक वैभव**

ने हर नागरिक का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया।

लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। पूरे मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में रखा गया था। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा वॉलिंटियर्स तैनात थे, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा ना हो और महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग सुगमता से दर्शन कर सकें। इस ऐतिहासिक और भव्य आयोजन को अमलीजामा पहनाने और इसे सफलता के शिखर पर पहुंचाने में मंदिर कमेटी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक कर दिया। झांकियों की तैयारी और व्यवस्थाओं को सफल बनाने में कमेटी के घनश्याम अथोनिया, अमित यादव, मनीष यादव, अमरजीत सिंह शेखावत, हनुमान बली व सुरेश संघई सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने समर्पण भाव से अपनी सेवायें दीं।

### इतला नामा बनाम रेस्पाडेन्ट
### न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय जयपुर राजस्थान

अपील नम्बरी मुतफरिक या इजराय 11/2026
डिग्री नं. 11 सन् 2026
बिनाराजी तजबीज..........
अदालत मुकाम...............मुकाम मवरिखा............

**श्याम सुन्दर बनाम मोहन लाल व अन्य**

(1) सीमा पुत्री छीतरमल जाति बलाई निवासी ग्राम किशनगढ़ रेनवाल तहसील किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर, (2) राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार किशनगढ रेनवाल जिला जयपुर।

मुतिला हो कि अपील बिनाराजी डिग्री व तारीख इस मुकदमे में अपीलान्टस ने पेश किया है और इस अदालत की तजबीज 23. माह 0.1. सन् 2026 ई. वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की गई है अगर खुद आप या आपके वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवालात करने का माजज हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और की जावेगी।
आज तारीख 28 माह 08 सन् 2026 ई. मेरे दस्तखज और मोहर अदालत से जारी किया।

मोहर अदालत — अतिरिक्त कलेक्टर एवं अति.जिला मजिस्ट्रेट तृतीय जयपुर

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम श्री ओम गुप्ता से बदलकर ओम गुप्ता रख लिया है। निवासी:-सी 21, सिद्धा हैप्पीविले, बगरू खुर्द, जयपुर। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

I Army no. 15717710M Rank NK Veeramani M R/o Village- Uthumalai, Teh. Veerakeralam Puthur, Tirunelveli, Tamilnadu have changed my father's name from S Murugan to Murugan S and DOB from 15-07-1970 to 25-05-1970 in my service records for all future purposes.

I Army no. 15717710M Rank NK Veeramani M R/o Village- Uthumalai, Teh. Veerakeralam Puthur, Tirunelveli, Tamilnadu have changed my mother's name from M Thavamani to Thaumani and DOB from 21-10-1975 to 01-01-1968 in my service records for all future purposes.

I have changed my son Name from Kavya Lalwani to Kavya Popat S/o Shri Amar Rupen Popat for all future purposes. Address: Flat No. 406, Estella, Kondapur, PO Kondapur, Dist. K.V Rangareddy, Telangana- 500084